State Council of Educational Research & Training Chhattisgarh, Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: **www.scert.cg.gov.in** Email: scertcg@gmail.com

पत्र क्र./शिक्षक–शिक्षा/आनलाइन आबंटन/30–1/प्रवेश/2020–21/405 रायपुर दिनांक 28.01.2021

बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड./डी.एल.एड.पाठ्यक्रम 2020–21 अंतिम चरण के आबंटन प्रक्रिया के बाद शेष रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए प्रतीक्षा सूची की सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य के निजी शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रम व शासकीय डाइट/बी.टी.आई./निजी शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित डी.एल.एड. पाठ्यक्रम 2020–21 के अंतिम चरण के आबंटन प्रक्रिया के बाद शेष रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए प्रतीक्षा सूची परिषद् द्वारा महाविद्यालयवार जारी किया जायेगा। प्रतीक्षा सूची से प्रवेश का कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

क्र.	विवरण चरणवार	बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड.		डी.एल.एड.	
		दिनांक से	दिनांक तक	दिनांक से	दिनांक तक
1	प्रतीक्षा सूची जारी करना	11/02/21		13/02/21	
2	प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के द्वारा महाविद्यालय में आवेदन प्रस्तुत करना	11/02/21	13/02/21	13/02/21	16/02/21
3	महाविद्यालय द्वारा मेरिट सूची जारी करना	15/02/21		17/02/21	
4	महाविद्यालय में प्रतीक्षा सूची से प्रवेश प्रक्रिया	16/02/21	18/02/21	18/02/21	20/02/21
5	महाविद्यालय द्वारा प्रवेश ऑनलाइन अपडेट करना	20/02/21	22/02/21	22/02/21	23/02/21

अन्य निर्देश निम्नानुसार है :–

1. प्रतीक्षा सूची में उन्ही अभ्यर्थियों का नाम आयेगा जिन्होंने चौथे (अंतिम चरण) के आबंटन प्रक्रिया के लिए विकल्प फार्म जमा किया है। प्रतीक्षा सूची 1:10 अनुपात में जारी किया जायेगा।
2. यदि किसी अभ्यर्थी ने चौथे चरण में विकल्प फार्म भरते समय जितने महाविद्यालयों का विकल्प दिया है, उतने महाविद्यालयों के प्रतीक्षा सूची में उस अभ्यर्थी का नाम आयेगा। परन्तु यदि अभ्यर्थी का नाम चौथे चरण के तीन सूचियों में से किसी एक सूची में भी आया होगा तथा अभ्यर्थी के द्वारा आबंटित महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया होगा तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम उस आबंटित महाविद्यालय के प्रतीक्षा सूची में नही आयेगा।
3. किसी भी महाविद्यालय में प्रवेशित अभ्यर्थी का नाम प्रतीक्षा सूची में नही आयेगा।
4. प्रतीक्षा सूची में नाम आने के बाद जिन महाविद्यालयों के प्रतीक्षा सूची में अभ्यर्थी का नाम आया है उनमें से जहां–जहां अभ्यर्थी प्रवेश लेना चाहता है उस महाविद्यालय में अभ्यर्थी स्वयं जाकर निर्धारित तिथि तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करेगा, जिसमें अभ्यर्थी को अपना मोबाइन नंबर देना आवश्यक होगा। निर्धारित प्रपत्र वेबसाइट में उपलब्ध है।

Scanned by CamScanner

5. निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर संबंधित महाविद्यालय से पावती प्राप्त करें। महाविद्यालय भी आवेदनकर्ता अभ्यर्थी को सील लगाकर पावती उपलब्ध करावें।
6. प्रतीक्षा सूची वर्गवार व संवर्गवर नही होगा। किसी भी महाविद्यालय/संस्था में आवेदन करने से पहले रिक्त सीटो की संख्या तथा अंतिम चरण के तीसरे सूची में UR वर्ग का Cutoff का अवलोकन अवश्य कर लेवें।
7. महाविद्यालय प्राप्त आवेदन के आधार पर निर्धारित तिथि को मेरिट क्रम जारी करेगा। इस मेरिट क्रम की जानकारी महाविद्यालय अभ्यर्थी को दूरभाष पर देगा।
8. प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि में महाविद्यालय मेरिट से अभ्यर्थियों को प्रवेश देगा।
9. प्रवेशित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि में ऑनलाइन अपडेट महाविद्यालय अपने Login से करेगा।
10. ऑनलाइन अपडेट करने के बाद ही अभ्यर्थी का आबंटन पत्र जारी होगा।
11. मेरिट अतिक्रमण की शिकायत होने पर संबंधित महाविद्यालय के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रतीक्षा सूची से प्रवेश उक्त महाविद्यालय के लिए निरस्त भी किया जा सकेगा। परिषद् में शिकायत करते समय निर्धारित प्रारूप में जमा किये गये आवेदन की पावती की छायाप्रति आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।
12. शेष नियम शर्ते पूर्ववत ही रहेंगे।

(डी.राहुल वेंकट भा.प्र.से.)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग. रायपुर

पृ. क्र./शिक्षक–शिक्षा/आनलाइन आबंटन/30–1/प्रवेश/2020–21 406 रायपुर दिनांक 28.01.2021
प्रतिलिपि –

1. प्रमुख सचिव, छ.ग शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर।
2. सचिव, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर।

संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग. रायपुर

Scanned by CamScanner